आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली पर दे’’ावासियों के नाम पत्र में लिखा आज का भारत आ’’ा और वि’’वास का प्रतीक।
2. भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता असरानी के निधन पर प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया।
3. गाराचरमा में राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम में दो सौ प्रतिभागियों ने आयोडीन की कमी की समाप्ति की शपथ ली।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने दुकानों और पार्किंग के लिए ऑनलाइन ई–टेन्डर आमंत्रित किए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि वैश्विक संकटों के बीच भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। पीएम मोदी ने इस दीपावली को विशेष बताते हुए कहा कि अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी उत्सव का माहौल है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने धर्म का पालन करते हुए अन्याय का बदला लिया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रसिद्ध अभिनेता गोवर्धन असरानी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने बॉलीउड के इस बेहतरीन कलाकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री ने एक भावुक संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि "श्री गोवर्धन असरानी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। एक प्रतिभाशाली और बहुमुखी कलाकार, जिन्होंने कई पीढ़ियों के दर्शकों का दिल जीता। गोवर्धन असरानी भारतीय सिनेमा के एक दिग्गज कलाकार थे, जिन्होंने अपनी अद्वितीय अभिनय शैली और हास्यपूर्ण पात्रों से दर्शकों का दिल जीता। असरानी का जन्म एक जनवरी उन्नीस सौ इकतलीस को जयपुर में हुआ था और उन्होंने फिल्मों में आने से पहले आका’’ावाणी जयपुर में भी काम किया था।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री चुने जाने पर साने ताकाइची को बधाई संदेश में कहा है कि मैं भारत–जापान की विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के संबंध हिंद–प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति व समृद्धि के लिए बेहद अहम् हैं। साने ताकाइची को जापान की संसद ने आज देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में चुना जिससे जापानी राजनीति में एक नया ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। उच्च सदन में उन्हें एक सौ पच्चीस और निचले सदन में दो सौ सैंतीस वोट मिले। यह चुनाव पुनः मतदान के जरिए हुआ था।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहीदों के परिजन, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियोंने भाग लिया। यह दिवस उन्नीस सौ उनसठ में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सेना के हमले में शहीद हुए दस सी आर पी एफ जवानों की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यह दिवस देशभर के उन सभी पुलिसकर्मियों को समर्पित है जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर किए।

<><><><><><><>

नेताजी के नेतृत्व में वर्ष उन्नीस सौ तैंतालीस में ही अंडमान और निकोबार में तिरंगा फहराकर भारत की आजादी की घोषणा करने वाली आजाद हिन्द फौज का आज स्थापना दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आई.एन.ए के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आई.एन.ए के सेनानी अनंतकाल तक राष्ट्र प्रथम की प्रेरणा बने रहेंगे। श्री शाह ने कहा कि आजाद हिन्द फौज के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने क्रांतिकारियों के मन में यह विश्वास प्रबल किया कि अपनी सेना और सैन्य अभियानों के बल पर स्वाधीनता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पी एच सी गाराचरमा में राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों की रोकथाम और आयोडीन युक्त नमक के उपयोग को बढ़ावा देना था। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवाएं निदेशक डॉ. सुजा एंटनी ने आयोडीन की कमी को बच्चों में मानसिक मंदता का प्रमुख कारण बताया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ए एन एम प्रशिक्षुओं ने आयोडीन की उपयोगिता पर जागरुक किया। करीब दो सौ प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आयोडीन की कमी को समाप्त करने के लिए मिलकर कार्य करने की शपथ ली।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। द्वीपों के व्यवसायी ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जीएसटी 2.0 के बाद इलेक्ट्रोनिक सामानों पर मिल रहे लाभ के बारे में अपने विचार साझा किए–

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न वाणिज्यिक परिसरों एवं सुविधाओं के आवंटन हेतु दो अलग–अलग ऑनलाइन ई–टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इनमें भातूबस्ती कॉम्प्लेक्स स्थित दो दुकानें है जो भूतल और प्रथम तल पर है। इसके साथ ही विभिन्न पार्किंग स्थलों के आवंटन के लिए भी ऑनलाइन ई–टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। दुकानों के लिए टेंडर की अंतिम तिथि 3 नवम्बर जबकि पार्किंग स्थलों के लिए 4 नवम्बर दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। दोनों टेंडर उसी दिन शाम 4 बजे राजस्व अधिकारी के कक्ष में खोले जाएंगे। इच्छुक निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। टेंडर दस्तावेज eprocure.andamannicobar.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आगामी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के पैरा खेलों में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग एवं पैरा खिलाड़ियों से इक्कतीस अक्टूबर तक पंजीकरण कराने की अपील की है। पंजीकरण सम्बन्धित प्रमाणपत्रों के साथ राज्य ओलंपिक कार्यालय, नेताजी स्टेडियम में किया जाएगा।

<><><><><><>

ओपन स्टेट ट्रैक एवं रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप और सीनियर, जूनियर एवं सब–जूनियर वर्गों के लिए चयन ट्रायल्स अब 1 और 2 नवम्बर को श्री विजयपुरम में आयोजित किए जाएंगे। यह प्रतियोगिताएं ओडिशा के सम्बलपुर और उत्तराखंड के रुद्रपुर में होने वाली साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल्स का कार्य भी करेंगी। सभी इच्छुक साइक्लिस्ट से तीस अक्टूबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

<><><><><><>

आई टी आई डॉलीगंज, बकुलतला और अरोंग में रिक्त सीटों को भरने के लिए 27 अक्टूबर से काउंसलिंग शुरू हो रही है। ये सीटें जनरल मेरिट सूची के आधार पर भरी जाएंगी, जो कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर उपलब्ध है। डॉलीगंज आई टी आई में काउंसलिंग 27 अक्टूबर, जबकि बकुलतला और अरोंग आई टी आई के लिए 28 अक्टूबर को सुबह 9 बजे आयोजित होगी। उम्मीदवारों सभी सम्बन्धित प्रमाण पत्र साथ लेकर आएं।

<><><><><><>